रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/94

REGD. NO. D.L.-33004/94

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 53] नई दिल्ली, मंगलवार, अप्रैल 5, 1994/चैत्र 15, 1916
No. 53] NEW DELHI, TUESDAY, APRIL 5, 1994/CHAITRA 15, 1916

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग

(आयोग का गठन कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, की अधिसूचना संख्या 13040/ 2/90-एस. सी. डी.-VI दिनांक 12 मार्च, 1992, द्वारा अधिसूचित)

[संविधान के अनुच्छेद 338 (4) के अधीन]

अधिसूचना

नई दिल्ली, 25 मार्च, 1994

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यविधि नियम

सं. 17/7/एससीटीसी/91-सी. सेल

अध्याय I

सामान्य

राष्ट्रीय आयोग का गठन

1. भारत के संविधान के अनुच्छेद 338, जिसे संविधान (पैंसठवां संशोधन) अधिनियम, 1990, द्वारा संशोधित किया गया है, के अधीन राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग (जिसे इसके बाद राष्ट्रीय आयोग कहा जायेगा) गठित किया गया है। राष्ट्रीय आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा पांच अन्य सदस्य होंगे।

राष्ट्रीय आयोग का मुख्यालय

2. राष्ट्रीय आयोग का मुख्यालय नई दिल्ली में अवस्थित होगा।

राष्ट्रीय आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय

3. राष्ट्रीय आयोग के गठन के समय विद्यमान निम्नलिखित क्षेत्रीय कार्यालय इसके नियंत्रणाधीन होंगे —

स्थान	अधिकारक्षेत्र
(1) अगरतला	त्रिपुरा
(2) अहमदाबाद	गुजरात दादरा और नागर हवेली दमण और दीव
(3) बंगलूर	कर्नाटक
(4) भोपाल	मध्य प्रदेश
(5) भुवनेश्वर	उड़ीसा

(6)	कलकत्ता	पश्चिम बंगाल सिक्किम अंडमान और निकोबार द्वीप-समूह
(7)	चंडीगढ़	पंजाब हरियाणा संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़
(8)	गुवाहाटी	असम
(9)	हैदराबाद	आंध्र प्रदेश
(10)	जयपुर	राजस्थान
(11)	लखनऊ	उत्तर प्रदेश
(12)	मद्रास	तमिलनाडु पांडिचेरी
(13)	पटना	बिहार
(14)	पुणे	महाराष्ट्र गोवा
(15)	शिलंग	मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नगालैण्ड
(16)	शिमला	हिमाचल प्रदेश जम्मू और काश्मीर
(17)	तिरुवनन्तपुरम	केरल लक्षद्वीप

4. राष्ट्रीय आयोग, यदि आवश्यक समझे तो, नए कार्यालय और उपकार्यालय खोल सकता है और अपने किसी क्षेत्रीय कार्यालय के स्तर को बढ़ा अथवा घटा सकता है।

राष्ट्रीय आयोग के कार्य

5. संविधान में यथावर्णित राष्ट्रीय आयोग के कार्य और दायित्व निम्नलिखित होंगे—

(क) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए इस संविधान या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि या सरकार के किसी आदेश के अधीन उपबंधित सुरक्षणों से संबंधित सब विषयों का अन्वेषण और अनुवीक्षण करना तथा ऐसे सुरक्षणों के कार्यकरण का मूल्यांकन करना;

(ख) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को उनके अधिकारों और सुरक्षणों से वंचित करने की बाबत विनिर्दिष्ट शिकायतों की जांच करना;

(ग) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक विकास को योजना प्रक्रिया विषय में भाग लेना और सलाह देना तथा संघ और किसी राज्य के अधीन उनके विकास में प्रगति का मूल्यांकन करना;

(घ) उन सुरक्षणों के कार्यकरण के बारे में प्रति वर्ष, और ऐसे अन्य समयों पर, जो आयोग ठीक समझे, राष्ट्रपति को प्रतिवेदन पेश करना;

(ङ) ऐसे प्रतिवेदनों में उन उपायों के बारे में जो उन सुरक्षणों के प्रभावपूर्ण कार्यान्वयन के लिए संघ या किसी राज्य द्वारा किए जाने चाहिए, तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के संरक्षण, कल्याण और सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए अन्य उपायों के बारे में सिफ़ारिश करना और

(च) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के संरक्षण, कल्याण, विकास तथा उन्नयन के संबंध में ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना जो राष्ट्रपति, संसद् द्वारा बनाई गई किसी विधि के प्रावधानों के अधीन रहते हुए, नियम द्वारा विनिर्दिष्ट करें।

6. राष्ट्रीय आयोग देश में किसी भी स्थान पर 'सिटिंग' और 'मीटिंग' (बैठकों) के ज़रिए तथा मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में अपने अधिकारियों के माध्यम से भी कार्य करेगा। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित राष्ट्रीय आयोग के सदस्य इन नियमों में निर्धारित कार्यविधि के अनुसार कार्य करेंगे।

अध्याय II

दायित्वों का विभाजन तथा कार्य का आवंटन

अध्यक्ष

7. अध्यक्ष राष्ट्रीय आयोग का प्रधान होगा और उसे राष्ट्रीय आयोग में उत्पन्न सभी प्रश्नों और विषयों पर निर्णय लेने की अवशिष्ट शक्तियां प्राप्त होंगी सिवाय उन मामलों में जहां इन नियमों में विशेष प्रावधान किया गया हो।

8. अध्यक्ष राष्ट्रीय आयोग के सदस्यों में विषयों और दायित्वों का आवंटन करेगा। विषयों और दायित्वों के आवंटन से संबंधित आदेश आयोग के सचिवालय द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को परिचालित किया जायेगा।

9. अध्यक्ष को सदस्यों का अवकाश स्वीकृत करने का प्राधिकार प्राप्त होगा।

10. अध्यक्ष राष्ट्रीय आयोग की बैठकों की अध्यक्षता करेगा।

11. सदस्यों को आवंटित विषयों के संबंध में आयोग में सभी महत्वपूर्ण निर्णय अध्यक्ष के अनुमोदन से लिए जायेंगे।

12. अध्यक्ष किसी भी विषय पर ऐसा कोई रेकॉर्ड मंगवा सकता है जिसे वह महत्वपूर्ण समझता हो और वह इस पर स्वयं निर्णय ले सकता है अथवा यदि आवश्यक हो तो उसे राष्ट्रीय आयोग की बैठक में रख सकता है।

उपाध्यक्ष

13. अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष राष्ट्रीय आयोग की बैठकों की अध्यक्षता करेगा।

14. उपाध्यक्ष द्वारा ऐसे सभी कार्य किए जायेंगे जो अध्यक्ष द्वारा उसे सौंपे गए हों।

सदस्य

15. राष्ट्रीय आयोग के सदस्यों का सामूहिक दायित्व होगा और वे राष्ट्रीय आयोग की बैठकों और 'सिटिंग' में भाग ले कर तथा उन्हें आवंटित विषयों की देखभाल कर अपना कार्य संपादित करेंगे। किसी सदस्य की महत्वपूर्ण कार्रवाइयों तथा निर्णयों को राष्ट्रीय आयोग की बैठक में प्रस्तुत किया जा सकता है जो उसकी समीक्षा कर सकता है।

16. राष्ट्रीय आयोग की बैठक की कार्यसूची में शामिल करने के लिए कोई भी सदस्य अपनी ओर से मदों का सुझाव दे सकता है परन्तु अध्यक्ष की सहमति प्राप्त होने के बाद ही इन मदों को शामिल किया जायेगा।

17. नियम 8 के अधीन आवंटित विषयों तथा/अथवा क्षेत्रों या राज्यों के बारे में प्रत्येक सदस्य समग्र रूप से उत्तरदायी होगा।

18. अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण से संबंधित योजना और विकास के मामलों में सदस्य उनके अधिकारक्षेत्र के अंतर्गत राज्य सरकारों को परामर्श देने की भूमिका निभायेंगे। राष्ट्रीय आयोग का सचिवालय सदस्यों को राज्यों की समस्याओं और क्रियाकलापों तथा उनके प्रभाराधीन आने वाले विषयों की पूर्ण रूप से जानकारी देते हुए उनकी मदद करेगा।

19. अन्यत्र नियमों में विनिर्दिष्ट कार्यविधि के अनुसार एक या एक से अधिक सदस्य मामलों की सुनवाई के लिए या ऐसे किसी विषय पर मुद्दे या मामले में जिसमें राष्ट्रीय आयोग द्वारा अन्वेषण या जांच की जा रही हो, साक्ष्य या जानकारी एकत्र करने के लिए राष्ट्रीय आयोग की 'सिटिंग' बुला सकते हैं।

20. प्रत्येक सदस्य वार्षिक रिपोर्ट के उस भाग को तैयार करने के लिए उत्तरदायी होगा जो उसे आवंटित विषयों से संबंधित हो।

सचिव

21. सचिव राष्ट्रीय आयोग का प्रशासनिक अध्यक्ष होगा और वह राष्ट्रीय आयोग के अधिकारियों की सहायता से राष्ट्रीय आयोग के कार्यों के निर्वहन में उसकी सहायता करेगा।

22. सभी महत्वपूर्ण प्रशासनिक विषय सचिव के सम्मुख रखे जायेंगे जो ऐसे विषयों पर सामान्य अथवा विशिष्ट आदेश जारी कर सकता है।

23. सचिव राष्ट्रीय आयोग की बैठकों के लिए कार्यसूची तैयार करने और बैठक के कार्यवृत्त को परिचालित करने के लिए उत्तरदायी होगा।

24. सचिव रिपोर्टों को अंतिम रूप देने में राष्ट्रीय आयोग की सहायता करेगा।

25. सचिव अपने विवेक पर सचिवालय के किसी भी अधीनस्थ अधिकारी को अपना कोई भी कार्य या प्राधिकार प्रत्यायोजित कर सकता है।

अध्याय III

राष्ट्रीय आयोग द्वारा अन्वेषण तथा जांच की विधियां

26. राष्ट्रीय आयोग उसके प्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले विषयों का अन्वेषण (इंवेस्टिगेशन) अथवा जांच (इक्वायरी) करने के लिए निम्नलिखित विधियों में से किसी एक अथवा एकाधिक विधियों को अपना सकता है –

(क) राष्ट्रीय आयोग द्वारा सीधे ही ;

(ख) राष्ट्रीय आयोग के मुख्यालय में गठित अन्वेषण दल द्वारा; और

(ग) राज्य क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से।

राष्ट्रीय आयोग द्वारा सीधे ही अन्वेषण तथा जांच

27. अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के सुरक्षणों, संरक्षण कल्याण और विकास से संबंधित जिन मामलों का अन्वेषण अथवा जिन विशिष्ट शिकायतों की जांच स्वयं करने का निर्णय राष्ट्रीय आयोग लेता है, ऐसे अन्वेषण या जांच के लिए आयोग 'सिटिंग' आयोजित कर सकता है। ऐसी 'सिटिंग' राष्ट्रीय आयोग के मुख्यालय में अथवा देश में किसी दूसरे स्थान पर आयोजित की जा सकती है।

28. राष्ट्रीय आयोग द्वारा सीधे ही किसी मामले का अन्वेषण या जांच की जायेगी इस आशय का निर्णय राष्ट्रीय आयोग की बैठक में लिया जायेगा, परन्तु ऐसे मामलों में जिनमें तत्काल कार्रवाई अपेक्षित हो सीधे ही अन्वेषण या जांच करने का निर्णय अध्यक्ष का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद लिया जा सकता है। निर्णय के अन्तर्गत राष्ट्रीय आयोग के एक अथवा एकाधिक सदस्यों को ऐसा अन्वेषण या जांच सौंपना शामिल होगा।

29. राष्ट्रीय आयोग की 'सिटिंग', सुनवाई के लिए अभिप्रेत पार्टियों को उचित नोटिस देने तथा पर्याप्त प्रचार अथवा आम जनता को सूचना देने के बाद ही आयोजित की जायेगी। यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जायेगी कि अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों को जो अन्वेषण या जांच के अधीन मामले से प्रभावित हैं, नोटिस अथवा प्रचार के माध्यम से उचित सूचना दी जा चुकी है।

30. इस अध्याय के नियम 28 के अधीन राष्ट्रीय आयोग द्वारा सीधे ही अन्वेषण या जांच का निर्णय लेने के बाद, आवश्यक स्टाफ सहित एक अधिकारी को, जो सहायक निदेशक से कम स्तर का न हो, उस मदद के साथ कार्य पर लगाया जायेगा जिसे ऐसा अन्वेषण या जांच सौंपा गया है तथा वे (अधिकारी और स्टाफ) 'सिटिंग' आयोजित करने के लिए सभी कदम उठायेंगे।

31. राष्ट्रीय आयोग अन्वेषण या जांच के दौरान 'सिटिंग' में शपथ पर साक्ष्य या शपथपत्र प्राप्त कर सकता है। अन्वेषण या जांच में साक्ष्य लेने के उद्देश्य से यदि राष्ट्रीय आयोग किसी व्यक्ति की उपस्थिति को आवश्यक समझता है तो वह उसे 'समन' भेज सकता है। 'समन' राष्ट्रीय आयोग के सम्मुख उपस्थित होने के लिए निदेशित व्यक्ति को 'समन' प्राप्त करने की तिथि से कम से कम 15 दिन का नोटिस दिए जाने का प्रावधान होगा।

32. राष्ट्रीय आयोग अन्वेषण या जांच के किसी मामले में साक्ष्य लाने के लिए 'कमीशन' जारी कर सकता है और इस उद्देश्य के लिए लिखित आदेश द्वारा किसी व्यक्ति को नियुक्त कर सकता है। राष्ट्रीय आयोग 'कमीशन' पर साक्ष्य लाने के लिए नियुक्त व्यक्तियों को शुल्क तथा यात्रा और अन्य भत्तों का भुगतान करने के लिए अतिरिक्त नियम बना सकता है।

33. अपेक्षित 'सिटिंग' के बाद जिस सदस्य ने अन्वेषण किया है वह एक रिपोर्ट तैयार करेगा और वह रिपोर्ट सचिव को अथवा रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी को भेजी जायेगी। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय आयोग की बैठक में प्रस्तुत की जायेगी जो इस विषय पर की जाने वाली कार्रवाई पर विचार करेगा। परन्तु यदि रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाला सदस्य यह निश्चित करता है कि किसी मामले में तत्काल कार्रवाई अपेक्षित है तो अध्यक्ष के अनुमोदन से वह रिपोर्ट पर कार्रवाई आरम्भ कर सकता है।

राष्ट्रीय आयोग के मुख्यालय में गठित अन्वेषण दल द्वारा अन्वेषण या जांच

34. राष्ट्रीय आयोग अपनी बैठक में निर्णय ले सकता है कि किसी विषय का अन्वेषण या जांच राष्ट्रीय आयोग के अधिकारियों के एक अन्वेषण दल द्वारा कराई जाये, परन्तु यदि मामला ऐसा हो जिसमें तत्काल कार्रवाई अपेक्षित है तो ऐसे अन्वेषण या जांच के लिए निर्णय अध्यक्ष द्वारा लिया जा सकता है।

35. अन्वेषण दल तत्काल ही अन्वेषण या जांच, जो भी हो, के लिए कार्रवाई प्रारम्भ करेगा और इस प्रयोजन के लिए प्रपत्र I में दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी करने सहित आवश्यक पत्राचार प्रारम्भ करेगा।

36. अन्वेषण दल दौरे का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए निर्धारित औपचारिकताओं तथा अन्य प्रशासनिक अपेक्षाओं का पालन करने के बाद तथा अन्वेषण या जांच का विषय, प्रयोजन, सीमा तथा कार्यविधि संबंधी सूचना संबंधित स्थानीय प्राधिकारियों को देने के बाद संबंधित क्षेत्र का मुआयना कर सकता है। अन्वेषण दल संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों तथा स्टाफ की सहायता प्राप्त कर सकता है परन्तु रिपोर्ट तैयार करने तथा प्रस्तुत करने का दायित्व अन्वेषण दल के प्रधान का होगा।

37. अन्वेषण दल अन्वेषण अथवा जांच, जो भी हो, उसकी रिपोर्ट सामान्य अथवा विशिष्ट आदेशों द्वारा निर्दिष्ट निर्धारित अवधि, यदि कोई हो, के भीतर राष्ट्रीय आयोग के सचिव अथवा संबंधित अधीनस्थ अधिकारी को प्रस्तुत करेगा। यदि निर्धारित समय सीमा को बढ़ाने की संभावना हो तो इसके लिए अन्वेषण दल का प्रधान उस मामले के प्रभारी अधिकारी के आदेश प्राप्त करेगा और वह प्रभारी अधिकारी आवश्यक हो तो सचिव अथवा राष्ट्रीय आयोग से अनुमोदन प्राप्त करेगा अन्वेषण दल से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद सचिवालय में रिपोर्ट का अध्ययन किया जायेगा तथा रिपोर्ट पर की जाने वाली कार्रवाई से संबंधित निर्णय के लिए उसे सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जायेगा। इस प्रयोजन के लिए सक्षम प्राधिकारी सचिव अथवा अधीनस्थ अधिकारी होगा जैसा कि सामान्य अथवा विशिष्ट आदेश द्वारा निदेश दिया जाये।

38. राष्ट्रीय आयोग की बैठक में रिपोर्ट का सारांश प्रस्तुत किया जायेगा और यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवश्यक समझा जाता है तो सम्पूर्ण रिपोर्ट को प्रस्तुत किया जा सकता है।

क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से अन्वेषण या जांच

39. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विषय विशेष पर अधिकारिता रखने वाला सदस्य या राष्ट्रीय आयोग का सचिव निर्णय ले सकता है कि कोई अन्वेषण या जांच राष्ट्रीय आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से की जायेगी। संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी अधिकारी को इस निर्णय की सूचना भेजी जायेगी और उसे निर्धारित समयावधि के भीतर मामले का अन्वेषण या जांच करने और रिपोर्ट भेजने के लिए कहा जायेगा। ऐसे अन्वेषण के लिए क्षेत्रीय कार्यालय का प्रभारी अधिकारी एक अन्वेषण ग्रुप गठित करेगा जिसमें आवश्यक संख्या में क्षेत्रीय कार्यालय के कार्मिक होंगे। अन्वेषण ग्रुप पूछताछ, स्थान का दौरा करके, विचार-विमर्श तथा पत्राचार और दस्तावेजों के अध्ययन के माध्यम से, जैसा भी मामले में आवश्यक समझा जाये, अन्वेषण या जांच का कार्य करेगा और साथ ही वह इस संबंध में समय-समय पर राष्ट्रीय आयोग के सचिवालय से जारी किन्हीं विशेष अथवा सामान्य अनुदेशों का अनुपालन भी करेगा। क्षेत्रीय कार्यालय का प्रभारी अधिकारी, यदि वह उचित समझता हो तो, अन्वेषण का कार्य केवल एक कार्मिक को सौंप सकता है और वह कार्मिक उसी तरह कार्य करेगा जैसा अन्वेषण ग्रुप द्वारा किया जाता है।

40. यदि अन्वेषण या जांच का कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूरा न किया जा सकता हो तो क्षेत्रीय कार्यालय का प्रभारी अधिकारी निर्धारित समय की समाप्ति से पहले राष्ट्रीय आयोग के सचिवालय को पत्र भेजेगा और निर्धारित अवधि के भीतर अन्वेषण या जांच, जो भी हो, का कार्य पूरा न होने से संबंधित परिस्थितियों और कारणों को स्पष्ट करेगा। राष्ट्रीय आयोग का सचिव अथवा प्रत्यायोजित शक्तियों के अन्तर्गत

कार्य करने वाला अधिकारी इस प्रकार के अनुरोध पर विचार करेगा और उसे अन्वेषण या जांच का कार्य पूरा करने की संशोधित तिथि की सूचना भेजेगा ।

41. यदि अन्वेषण या जांच के दौरान अन्वेषण ग्रूप का प्रधान यह महसूस करता है कि किसी दस्तावेज के प्रस्तुतीकरण के लिए या अन्वेषण ग्रूप के सम्मुख किसी व्यक्ति की उपस्थिति के लिए राष्ट्रीय आयोग की शक्तियों का इस्तेमाल करना आवश्यक हो गया है तो अन्वेषण ग्रूप का प्रधान क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी अधिकारी को एक विशेष रिपोर्ट देगा जो रिपोर्ट को पूर्ण तथ्यों सहित राष्ट्रीय आयोग के सचिवालय को अग्रेषित करेगा । ऐसी विशेष रिपोर्ट प्राप्त होने पर मामले को विषय के प्रभारी सदस्य के सम्मुख रखा जायेगा जो इस आशय का आदेश जारी करेगा कि उपस्थिति को बाध्यता या किसी दस्तावेज के प्रस्तुतीकरण के लिए आवश्यक विधिक प्रक्रिया प्रारम्भ की जाये । इस प्रयोजन के लिए जारी 'समनों' तथा वारंटों को या तो सीधे ही या क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी अधिकारी के माध्यम से, जैसा ऐसी कानूनी प्रक्रिया प्राधिकृत करने वाले सदस्य द्वारा निदेश दिया जाए, संबंधित व्यक्तियों को भेजा जायेगा ।

42. अन्वेषण या जांच, जो भी हो, का कार्य पूरा हो जाने के बाद अन्वेषण ग्रूप रिपोर्ट को क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी अधिकारी को प्रस्तुत करेगा जो इस रिपोर्ट पर अपनी टिप्पणी तथा मामले में अपेक्षित कार्रवाई के सुझाव के साथ रिपोर्ट को राष्ट्रीय आयोग के सचिवालय को भेजेगा । मुख्यालय में इस रिपोर्ट का अध्ययन किया जायेगा । रिपोर्ट का सारांश तथा निष्कर्ष सचिव के सम्मुख रखे जायेंगे जो मामले में अगली कार्रवाई के संबंध में निर्णय लेगा ।

कतिपय रिपोर्टों की गोपनीयता

43. राष्ट्रीय आयोग बैठक में अथवा अन्यथा निर्णय लेकर यह आदेश दे सकता है कि किसी मामले पर प्रस्तुत की गई रिपोर्ट की अन्तर्वस्तु गोपनीय रखी जायेगी और किसी दूसरे व्यक्ति को नहीं प्रकट की जायेगी सिवाय उन व्यक्तियों के जिन्हें ऐसी रिपोर्ट देखने के लिए प्राधिकृत किया गया हो ।

विधिक प्रक्रियाओं का जारी किया जाना

44. ऐसे सभी 'समन' और वारंट, जिन्हें राष्ट्रीय आयोग द्वारा दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया जाना अपेक्षित है, विहित प्रपत्र में लिखे जायेंगे और उन पर राष्ट्रीय आयोग की मुहर लगी होगी । राष्ट्रीय आयोग के विधिक कक्ष से विधिक प्रक्रिया जारी की जायेगी और उस पर उसकी मुहर लगी होगी । विधिक प्रक्रियाओं की तामील के लिए लागू सिविल प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों का अनुपालन राष्ट्रीय आयोग द्वारा किया जायेगा ।

पत्रों तथा नोटिसों का जारी किया जाना

45. दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण से संबंधित ऐसे पत्रों तथा नोटिसों पर जिन्हें राष्ट्रीय आयोग द्वारा दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग किए बिना जारी किया गया हो, किसी ऐसे अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जायेंगे जो सहायक निदेशक से कम स्तर का न हो ।

'समनों' तथा वारंटों के प्रपत्र

46. इन नियमों के साथ संलग्न प्रपत्र II तथा प्रपत्र III में क्रमश: 'समन' और वारंट जारी किए जायेंगे ।

अध्याय IV

राष्ट्रीय आयोग की बैठकें

बैठकों की आवृत्ति

47. राष्ट्रीय आयोग को दो माह में कम से कम एक बार बैठक बुलायी जायेगी । सामान्यत: बैठक की नोटिस दो सप्ताह पहले भेजी जायेगी । राष्ट्रीय आयोग द्वारा जिन महत्वपूर्ण विषयों पर त्वरित विचार-विमर्श आवश्यक हो उनको निपटाने के लिए अध्यक्ष स्वयं या किसी सदस्य अथवा सचिव के अनुरोध पर आपात बैठक भी बुला सकता है ।

कोरम

48. राष्ट्रीय आयोग की बैठक के कोरम के लिए अध्यक्ष या उपाध्यक्ष तथा दो अन्य सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी ।

ऐसे मामले जिन पर राष्ट्रीय आयोग की बैठक में निर्णय लिया जाना अपेक्षित होगा

49. राष्ट्रीय आयोग की बैठक में विचार-विमर्श तथा निर्णय के लिए निम्नलिखित विषयों का रखा जाना अनिवार्य होगा—

(क) इन कार्यविधि नियमों में कोई संशोधन ;

(ख) आयोग द्वारा सीधे ही अन्वेषण किए जाने वाले विषय ;

(ग) सभी रिपोर्टें जिन पर इन नियमों के अनुसार राष्ट्रीय आयोग द्वारा विचार किया जाना अपेक्षित है ;

(घ) अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और प्रगति के लिए योजना तथा विकास से संबंधित विषय ;

(ङ) कोई अन्य विषय जिसे कोई सदस्य अध्यक्ष के अनुमोदन से बैठक में प्रस्तुत करना चाहता हो ;

(च) कोई अन्य विषय जिसे अध्यक्ष राष्ट्रीय आयोग की बैठक में प्रस्तुत करने का निदेश दे ।

बैठक के लिए कार्यसूची

50. बैठक की कार्यसूची बैठक की तिथि से कम से कम सात दिन पहले सभी सदस्यों को परिचालित की जायेगी परन्तु आपात बैठक के लिए यह समय सीमा लागू नहीं होगी ।

51. बैठक के बाद उसका कार्यवृत्त शीघ्रातिशीघ्र सभी सदस्यों को परिचालित किया जायेगा ।

राष्ट्रीय आयोग की बैठक का स्थान

52. सामान्यत : राष्ट्रीय आयोग की बैठक का स्थान नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय आयोग का मुख्यालय होगा । परन्तु राष्ट्रीय आयोग भारत में किसी अन्य स्थान पर भी बैठक आयोजित कर सकता है ।

शुल्क

53. राष्ट्रीय आयोग की बैठक में उपस्थित होने के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अथवा सदस्य किसी शुल्क के लिए हकदार नहीं होंगे । परन्तु यदि कोई अंशकालिक सदस्य हों तो उनकी पात्रता ऐसे सदस्यों की नियुक्ति की शर्तों में निर्धारित की जायेगी ।

अध्याय V

राष्ट्रीय आयोग की 'सिटिंग'

'सिटिंग' की आवश्यकता'

54. जब राष्ट्रीय आयोग को सौंपा किसी मामले का अन्वेषण करना हो तो वह राष्ट्रीय आयोग की 'सिटिंग' बुला कर ऐसा कर सकता है । ऐसी 'सिटिंग' के लिए सारे सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी ।

उपस्थित होने वाले अधिकारी

55. जब कभी राष्ट्रीय आयोग की 'सिटिंग' हो रही हो तो यह आवश्यक होगा कि 'सिटिंग' करने वाले सदस्य द्वारा ठीक ढंग से कार्य सम्पन्न करने में सहायता के लिए राष्ट्रीय आयोग का एक अधिकारी, जो सहायक निदेशक से नीचे स्तर का न हो तथा जिसे इस कार्य के लिए विधिवत् तैनात किया गया हो, उपस्थित हो । सदस्य द्वारा इच्छा व्यक्त करने पर उस अधिकारी का कर्तव्य होगा कि वह रिपोर्ट तैयार करने में उसकी सहायता करे । निर्धारित कार्यविधि का अनुसरण करने में सदस्य की सहायता करने के लिए भी वह अधिकारी उत्तरदायी होगा ।

'सिटिंग' की आवृत्ति

56. राष्ट्रीय आयोग की 'सिटिंग' जब कभी आवश्यकता हो आयोजित की जा सकती है । राष्ट्रीय आयोग देश के विभिन्न भागों में एक साथ एक से अधिक 'सिटिंग' कर सकता है जिनमें विभिन्न सदस्य अलग-अलग काम निपटायेंगे ।

'सिटिंग' का कार्यक्रम

57. प्रत्येक मास में मुख्यालय एवं अन्य स्थानों पर होने वाली 'सिटिंग' का कार्यक्रम सामान्यत: पहले ही बना लिया जाएगा तथा उसे विधिवत् परिचालित किया जाएगा ।

साक्षियों के व्ययों की अदायगी

58. राष्ट्रीय आयोग उन व्यक्तियों के यात्रा व्ययों की अदायगी करेगा जिन्हें 'समन' देकर आयोग की 'सिटिंग' में उसके सम्मुख प्रस्तुत होने के लिए बुलाया गया हो, बशर्ते कि उस व्यक्ति के निवास स्थान की दूरी राष्ट्रीय आयोग की 'सिटिंग' के स्थान से 8 किलोमीटर से अधिक हो । इस प्रकार अदा की जाने वाली राशि वास्तविक यात्रा व्यय ए जितने दिन वह व्यक्ति राष्ट्रीय आयोग की 'सिटिंग' में उस सम्मुख प्रस्तुत हुआ है उतने दिनों के दैनिक भत्ते तक सी होगी, बशर्ते कि वह व्यक्ति किसी अन्य स्रोत से ए एवं दैनिक भत्ता पाने का हकदार न हो । सरकार या कि राज्य उपक्रम के कर्मचारियों को यदि राष्ट्रीय आयोग के सामने अभिसाक्ष्य देने या दस्तावेज़ प्रस्तुत करने के लिए 'समन' द्वारा बुलाया जाता है तो उन्हें ड्यूटी पर माना जाएगा । यात्रा व्ययों की सीमा आयोग द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर परिकलित रेल भाड़ा एवं सड़क मील भत्ता के आधार पर निश्चित की जाएगी । किसी व्यक्ति के हक़ के बारे में किसी शक की स्थिति में सचिव का निर्णय अंतिम होगा ।

59. 'सिटिंग' के लिए सदस्य से सम्बद्ध अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए क़दम उठाएगा कि यदि बैठक राष्ट्रीय आयोग के मुख्यालय से भिन्न अन्य स्थान पर हो रही है तो पर्याप्त नक़द राशि साथ में लाई गई है । राष्ट्रीय आयोग का सचिवालय यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्य-विधि तय कर सकता है कि आयोग के सम्मुख होने वाले प्रस्तुत उपर्युक्त प्रकार के दावों को नक़द अदायगी व्यक्ति को उसी स्थान पर कर दी जाए ।

60. उपर्युक्त प्रकार के यात्रा व्ययों के दावे उस व्यक्ति के मामले में स्वीकार्य नहीं होंगे जो राष्ट्रीय आयोग द्वारा किसी अन्वेषण या जांच के दौरान उसके सम्मुख स्वेच्छया प्रस्तुत होता है या किसी पत्र या सूचना के उत्तर में जो राष्ट्रीय आयोग द्वारा जारी 'समन' नहीं है ।

अध्याय VI

राष्ट्रीय आयोग की परामर्शी भूमिका

राष्ट्रीय आयोग के राज्य सरकारों के साथ पारस्परिक सम्बन्ध

61. राष्ट्रीय आयोग अपने सदस्यों, सचिवालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से राज्य सरकारों से पारस्परिक सम्बन्ध रखेगा ।

किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का प्रभारी सदस्य बैठकों, व्यक्तिगत संपर्कों, मुलाक़ातों और पत्रव्यवहार के द्वारा राज्य सरकार से पारस्परिक सम्बन्ध रखेगा । इसके लिए राष्ट्रीय आयोग द्वारा विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धान्त बनाए जा सकते हैं । राष्ट्रीय आयोग का सचिवालय अपने संबंधित स्कंधों के माध्यम से सदस्य को आवश्यक सहायता एवं सूचना देगा जिससे वह अपना कार्य कर सके ।

योजना आयोग के साथ पारस्परिक सम्बन्ध

62. राष्ट्रीय आयोग, योजना आयोग के साथ उपयुक्त स्तरों पर विभिन्न समितियों, कार्यकारी दलों या योजना आयोग द्वारा गठित इस प्रकार के अन्य निकायों में प्रतिनिधित्व के माध्यम से पारस्परिक सम्बन्ध रखेगा । राष्ट्रीय आयोग, योजना आयोग को सामान्य या विशिष्ट पत्रों द्वारा इस आवश्यकता का संकेत देगा ।

राष्ट्रीय आयोग, योजना आयोग से अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों के कल्याण एवं विकास से संबंधित योजना तथा विकास की प्रक्रिया सम्बन्धी दस्तावेजों और सभी कार्यक्रमों तथा योजनाओं के मूल्यांकन सम्बन्धी दस्तावेजों की प्रतियां अग्रेषित करने का अनुरोध कर सकता है ।

64. राष्ट्रीय आयोग अपने अध्यक्ष/सदस्यों तथा योजना आयोग के उपाध्यक्ष/सदस्यों के बीच पारस्परिक सम्बन्ध के स्वरूप के संबंध में निर्णय कर सकता है ।

राज्य सरकारों के साथ क्षेत्रीय कार्यालयों का पारस्परिक सम्बन्ध

65. राष्ट्रीय आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय इस ढंग से काम करेंगे कि वे संबंधित राज्य सरकारों तथा राष्ट्रीय आयोग के बीच नियमित एवं प्रभावी कड़ी बन सकें । इसके लिए राष्ट्रीय आयोग राज्य सरकारों को यह सुझाव देते हुए पत्र भेज सकता है कि राष्ट्रीय आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों को अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण, संरक्षण और विकास से संबंधित महत्वपूर्ण योजना, मूल्यांकन एवं परामर्शी निकायों में, जिनमें निगम भी शामिल हैं, लिया जाये ।

66. क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों को राष्ट्रीय आयोग द्वारा निदेश या प्राधिकार दिया जा सकता है कि किसी बैठक या विचार-विमर्श से उत्पन्न किसी मुद्दे या विशिष्ट या सामान्य मामले पर वे राष्ट्रीय आयोग का औपचारिक दृष्टिकोण या राय किसी राज्य प्राधिकारी को पहुंचायें ।

मूल्यांकन

67. संघ या राज्य सरकारों द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए चलाई जा रही विकास योजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए राष्ट्रीय आयोग अध्ययन करा सकता है । इस प्रयोजन से राष्ट्रीय आयोग मुख्यालय में या क्षेत्रीय कार्यालयों में अध्ययन दलों का गठन कर सकता है । अध्ययन दल स्वतंत्र रूप से अथवा केन्द्र या राज्य सरकारों के प्राधिकारियों, विश्वविद्यालयों या अनुसंधान निकायों के सहयोग से अन्वेषण, सर्वेक्षण या अध्ययन कर सकते हैं ।

68. राष्ट्रीय आयोग किसी सर्वेक्षण या मूल्यांकन अध्ययन को किसी पेशेवर निकाय या व्यक्ति को सौंप सकता है जो इस प्रकार का कार्य करने के लिए उपयुक्त एवं सक्षम हो, तथा इसके लिए ऐसे निकाय या व्यक्ति को अध्ययन की लागत के रूप में शुल्क या अनुदान द्वारा उचित भुगतान कर सकता है ।

69. इस प्रकार किए गए अध्ययन या उनके सार राष्ट्रीय आयोग की वार्षिक या विशेष रिपोर्ट का भाग हो सकते हैं जिसे राष्ट्रपति को प्रस्तुत किया जाना है या जिसे राष्ट्रीय आयोग अलग से प्रकाशित करना चाहे ।

70. राष्ट्रीय आयोग ऐसे अध्ययन रिपोर्ट की एक प्रति सम्बन्धित संघ या राज्य सरकार को अग्रेषित कर सकता है और उस पर उसकी टिप्पणी मंगा सकता है । संघ या राज्य सरकार की टिप्पणी या उसके द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट राष्ट्रीय आयोग की वार्षिक रिपोर्ट का भाग हो सकती हैं ।

अध्याय VII

राष्ट्रीय आयोग के अनुवीक्षण (मॉनिटरिंग) कार्य

राष्ट्रीय आयोग द्वारा अनुवीक्षण के विषयों का निर्धारण

71. राष्ट्रीय आयोग समय-समय पर निश्चित करेगा कि संविधान या वर्तमान में लागू किसी अन्य विधि या सरकार के किसी आदेश के अधीन अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों को दिए गए सुरक्षणों से संबंधित किन विषयों या मामलों का अनुवीक्षण किया जाए ।

विवरणियां (रिटर्न) एवं रिपोर्टें निर्धारित करना

72. राष्ट्रीय आयोग जिस विषय का अनुवीक्षण कर रहा है उसके लिए उत्तरदायी या उस पर नियंत्रण रखने वाले किसी प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किए जाने के लिए राष्ट्रीय आयोग आवधिक विवरणियां या रिपोर्टें निर्धारित कर सकता है ।

73. राष्ट्रीय आयोग समय-समय पर अपने क्षेत्रीय कार्यालयों को किसी विशेष विषय या मामले पर राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों, निगमित निकायों या किसी अन्य प्राधिकारी से जिस पर अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों को दिए गए सुरक्षणों को लागू करने का भार है, सूचना एवं आंकड़े एकत्र करने का अनुरोध दे सकता है ।

74. राष्ट्रीय आयोग अपने क्षेत्रीय कार्यालयों को सूचना या आंकड़ों का अध्ययन करने का निदेश दे सकता है जिससे आंकड़ों के इस प्रकार के अध्ययन या विश्लेषण से कमियों या दोषों के संबंध में किसी निर्णय पर पहुंचा जा सके तथा उनकी ओर सम्बन्धित प्राधिकारी का ध्यान आकर्षित किया जा सके ।

75. राष्ट्रीय आयोग अनुवीक्षण किए जा रहे विषयों से संबंधित आंकड़े मुख्यालय में एकत्रित करा सकता है तथा इसके लिए विवरणियां एवं रिपोर्टें निर्धारित कर सकता है । वह केन्द्रीय अथवा राज्य सरकारों के मंत्रालयों/विभागों,

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अन्य निकायों या प्राधिकारियों को, जो अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों से संबंधित सुरक्षण लागू करने के लिए उत्तरदायी हैं, कह सकता है कि वे इन विवरणियों और रिपोर्टों में अपेक्षित आंकड़े और सूचना आयोग के मुख्यालय को सीधा भेजें ।

अनुवर्ती कार्रवाई

76. यह सुनिश्चित करने के लिए कि अनुवीक्षण प्रभावी ढंग से किया जा रहा है, राष्ट्रीय आयोग उपर्युक्त नियमों के अनुसार निर्धारित सूचना प्राप्त करने तथा किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के बाद यथाशीघ्र संबद्ध प्राधिकारी को सुरक्षणों को लागू करने में पाए गए दोषों का विवरण देते हुए तथा सुधार के उपाय सुझाते हुए पत्र भेज सकता है । ऐसा पत्र भेजने का निर्णय उप निदेशक से नीचे स्तर पर नहीं लिया जाएगा।

77. राष्ट्रीय आयोग नियम 76 के प्रावधान के अधीन भेजे गए पत्र के अनुसरण में की गई कार्रवाई के संबंध में संबद्ध प्राधिकारी की टिप्पणी मांग सकता है ।

78. संविधान या वर्तमान में लागू किसी अन्य विधि या सरकार के किसी आदेश के अधीन अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों को प्रदत्त सुरक्षणों से संबंधित विषयों के अनुवीक्षण की प्रक्रिया से प्राप्त किए गए जांच परिणामों और निष्कर्षों को राष्ट्रीय आयोग अपनी वार्षिक रिपोर्ट या किसी विशेष रिपोर्ट में सम्मिलित कर सकता है ।

अध्याय VIII

विविध

राष्ट्रीय आयोग द्वारा किए जाने वाले अनौपचारिक कार्य

79. यदि कोई ऐसा विषय या मामला है जो विधि के अन्तर्गत ठीक-ठीक नहीं आता परन्तु वह इस प्रकार का है कि उसमें अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के किसी व्यक्ति या ऐसे व्यक्तियों के समूह का कल्याण अंतर्निहित है तथा इन वर्गों के लोगों के हितों के रक्षक के रूप में अपनी स्वाभाविक क्षमता के कारण राष्ट्रीय आयोग के लिए उसमें कार्रवाई आवश्यक है तो ऐसे विशेष मामले में राष्ट्रीय आयोग पत्राचार शुरू कर सकता है ।

80. राष्ट्रीय आयोग के सभी औपचारिक पत्र किसी अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी किए जायेंगे जो सहायक निदेशक से नीचे स्तर का नहीं होगा ।

81. राष्ट्रीय आयोग अपने सचिव के माध्यम से मुकदमा चला सकता है या उस पर मुकदमा चलाया जा सकता है ।

82. इन नियमों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से वही अभिप्राय होगा जैसा संविधान के अनुच्छेद 338 के खंड 10 में दिया गया है ।

केन्द्रीय सरकार के नियमों आदि की प्रयोज्यता

83. केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों पर लागू होने वाले, अनुशासन एवं आचरण नियम सहित सभी नियम, विनियम और आदेश राष्ट्रीय आयोग के सभी श्रेणियों के अधिकारियों और कर्मचारियों पर लागू होंगे ।

84. भारत सरकार में वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन से संबंधित प्रावधान राष्ट्रीय आयोग के सदृश अधिकारियों पर लागू होंगे ।

स्टाफ़ कारों का उपयोग

85. भारत सरकार के स्टाफ़ कार नियम राष्ट्रीय आयोग में स्टाफ़ कारों के उपयोग पर लागू होंगे ।

इन नियमों में उल्लेख न किए गए मामलों पर निर्णय

86. यदि किसी ऐसे मामले पर प्रश्न उठता है जिसके लिए इन नियमों में कोई प्रावधान नहीं है तो अध्यक्ष का निर्णय मांगा जाएगा। यदि अध्यक्ष उचित समझता है तो वह राष्ट्रीय आयोग की बैठक में मामले पर विचार करने का निदेश दे सकता है ।

एस. के. बसु
सचिव,
राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और
अनुसूचित जनजाति आयोग

प्रपत्र I

(मूल तथ्यों को एकत्र करने के लिए नोटिस)

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अन्तर्गत एक संवैधानिक निकाय)

लोकनायक भवन पाँचवाँ तल,
नई दिल्ली-110003

प्रति

———————

———————

———————

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग को .....से .....दिनांक .....में .....शीर्षक से छपे प्रेस समाचार से याचिका/शिकायत/सूचना प्राप्त हुई है (प्रति संलग्न) और राष्ट्रीय आयोग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अन्तर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का अनुसरण करते हुए इस मामले का अन्वेषण/जांच करने का निश्चय किया है, अतः आपसे एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि आप इस सूचना के प्राप्त होने के 30 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को डाक से या स्वयं उपस्थित हो कर या किसी अन्य संचार साधन से सभी तथ्य तथा आरोपों/मामलों पर की गई कार्रवाई से सम्बन्धित सूचना प्रस्तुत करें ।

कृपया ध्यान रखें कि यदि नियत अवधि में राष्ट्रीय आयोग को आपका उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो वह भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अन्तर्गत उसे प्रदत्त दीवानी अदालतों की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है तथा व्यक्तिगत रूप से या प्रतिनिधि के माध्यम से या अधिवक्ता के माध्यम से राष्ट्रीय आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए आपको 'समन' जारी कर सकता है।

हस्ताक्षर

उप निदेशक/निदेशक
राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा
अनुसूचित जनजाति आयोग

दिनांक··········

प्रपत्र II

('समन')

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के समक्ष
(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अन्तर्गत दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग करने वाला एक संवैधानिक निकाय)

लोकनायक भवन (पाँचवां तल)
नई दिल्ली-110003

प्रति

____

____

____

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग को ··············से············ दिनांक ···················में·············शीर्षक से छपे प्रेस समाचार से याचिका/शिकायत/सूचना प्राप्त हुई है (प्रति संलग्न) और राष्ट्रीय आयोग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अन्तर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का अनुसरण करते हुए इस मामले का अंवेषण/जांच करने का निश्चय किया है, अतः राष्ट्रीय आयोग के समक्ष साक्षी के रूप में ——————— 19 —·········को ·············· बजे················में आपकी उपस्थिति एतद्‌द्वारा अपेक्षित है। आप राष्ट्रीय आयोग द्वारा जांच के लिए निम्नलिखित दस्तावेज़ अपने साथ लायें या आपके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति को नीचे उल्लिखित दस्तावेज़ प्रस्तुत करने के लिए प्रतिनियुक्त करें।

____

____

____

यात्रा व्यय का भुगतान निर्धारित मान के अनुसार आपकी मासिक आय के आधार पर किया जाएगा। यदि आप बिना किसी विधि-सम्मत कारण के इस आदेश का अनुपालन नहीं करते तो आपको सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश XVI के नियम 12 में दिए गए अनुपस्थिति के परिणाम भुगतने होंगे।

··········19··········के········दिन मेरे हस्ताक्षर और दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय आयोग की मुहर से दिया गया।

मुहर हस्ताक्षर

प्रपत्र III

(साक्षी को गिरफ़्तार करने का वारंट)

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के समक्ष
(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अन्तर्गत दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग करने वाला एक संवैधानिक निकाय)

लोकनायक भवन (पाँचवां तल)
नई दिल्ली-110003

प्रति

____

____

____

____

चूंकि ···············निवासी ·········· को विधिवत 'समन' भेजा गया था पर वह उपस्थित नहीं हुए ('समन' से बचने के लिए फ़रार या अप्राप्य रहे), अतः भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 (8) के अन्तर्गत दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग एतद्‌द्वारा आपको आदेश देता है कि आप कथित······ ··········को गिरफ़्तार कर नई दिल्ली में राष्ट्रीय आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें।

आपको आगे आदेश दिया जाता है कि आप······ ·········19··········के················दिन या उससे पहले इस वारंट को पृष्ठांकन के साथ वापस करें और प्रमाणित करें कि इस वारंट पर किस दिन और किस प्रकार कार्यान्वियन किया गया है और यदि कार्यान्वियन नहीं किया गया है तो उसका कारण बतायें।

·······19·········के··········दिन मेरे हस्ताक्षर और दीवानी अदालत की शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय आयोग की मुहर से दिया गया।

मुहर हस्ताक्षर

NATIONAL COMMISSION

FOR

SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES

(Formation notified vide No. 13040/2/90-SCD-VI dated the 12th March, 1992, of the Ministry of Welfare, Government of India)

[Under Article 338 (4) of the Constitution]

NOTIFICATION

New Delhi, the 25th March, 1994

RULES OF PROCEDURE OF THE NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES

No. 17/7/SCTC/91-C. Cell

CHAPTER I

GENERAL

Constitution of the National Commission

1. The National Commission for Scheduled Castes and Scheduled Tribes (hereinafter called National Commission) has been constituted under Article 338 of the Constitution of India as amended by the Constitution (Sixth-fifth Amendment) Act, 1990. The National Commission shall consist of a Chairperson, a Vice-Chairperson and five other Members.

Headquarters of the National Commission

2. The headquarters of the National Commission shall be located at New Delhi.

Field Offices of the National Commission

3. The National Commission shall have under its control the following field offices existing at the time of its constitution :

Location	Jurisdiction
(1) Agartala	Tripura
(2) Ahmedabad	Gujarat Dadra & Nagar Haveli Daman and Diu
(3) Bangalore	Karnataka
(4) Bhopal	Madhya Pradesh
(5) Bhubaneswar	Orissa
(6) Calcutta	West Bengal Sikkim A&N Islands
(7) Chandigarh	Punjab Haryana U.T. of Chandigarh
(8) Guwahati	Assam
(9) Hyderabad	Andhra Pradesh
(10) Jaipur	Rajasthan
(11) Lucknow	Uttar Pradesh
(12) Madras	Tamil Nadu Pondicherry
(13) Patna	Bihar
(14) Pune	Maharashtra Goa
(15) Shillong	Meghalaya Arunachal Pradesh Manipur Mizoram Nagaland
(16) Shimla	Himachal Pradesh Jammu & Kashmir
(17) Thiruvananthapuram	Kerala Lakshadweep

4. The National Commission may, if considered necessary, open new offices and sub-offices and upgrade or downgrade the status of any of its field offices.

Functions of the National Commission

5. The functions and responsibilities of the National Commission as laid down in the Constitution are :

(a) to investigate and monitor all matters relating to the safeguards provided for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes under the Constitution or under any other law for the time being in force or under any order of the Government and to evaluate the working of such safeguards ;

(b) to inquire into specific complaints with respect to the deprivation of rights and safeguards of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes;

(c) to participate and advise on the planning process of socio-economic development of

the Scheduled Castes and Scheduled Tribes and to evaluate the progress of their development under the Union and any State;

(d) to present to the President, annually and at such other times as the Commission may deem fit, reports upon the working of those safeguards;

(e) to make in such reports recommendations as to the measures that should be taken by the Union or any State for the effective implementation of those safeguards and other measures for the protection, welfare and socio-economic development of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes; and

(f) to discharge such other functions in relation to the protection, welfare and development and advancement of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes as the President may, subject to the provisions of any law made by Parliament, by rule specify.

6. The National Commission shall function by holding 'sittings' and 'meetings' at any place within the country and also through its officers at the Headquarters and in the field offices. The Members of the National Commission including the Chairperson and the Vice-Chairperson shall function in accordance with the procedure prescribed under these rules.

CHAPTER II

DIVISION OF RESPONSIBILITIES AND ALLOCATION OF WORK

Chairperson

